






# PASS (PARVATIYA ARANYA SEVA EVAM VIKAS SANSTHAN)

# ANNUAL REPORT 2020-2021

पर्वतीय अरण्य सेवा एवं विकास संस्थान, पुलिस लाइन रोड, कुमौड़, पिथौरागढ़, **252601**
उत्तराखण्ड

## Introduction :

Parvatiya Aranya Sewa Evam Vikas Sansthan (PASS) was established in November 1997 with a firm resolution to work for the development of the rural community through organizing community centered activities. The objective of the organization is to work for the conservation and promotion of the environment to bring systematic social change in the community. The current operational areas of the organization are States Pithoragarh, Champavat, Almora and Bageshwar. Other than the above, the organization is putting efforts to gradually develop its operational areas. PASS is working in coordination with the government on various issues relating to the development and betterment of the community through conducting seminars, workshops, conferences, and meetings to help bring the social concerns into light.

After the registration of the organization and obtaining financial help of various government and nongovernmental organizations, and completing all the necessary formalities an administrative structure came into being. After which various programs started for the community.

## परिचय :

पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन, ग्रामीण समुदाय के विकास और जन केंद्रित नियोजन की विविध गतिविधियों के माध्यम से व्यववस्थागत परिवर्तन/समाज परिवर्तन के मूल उद्देश्य को समाहित करते हुए एक दृढ़ निश्चय के साथ ''पर्वतीय अरण्य सेवा एवं विकास संस्थान'' की स्थापना नवम्बर 1997 में की गयी। वर्तमान में संस्था के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत जनपद पिथौरागढ़, जनपद चम्पावत, जनपद अल्मोड़ा तथा जनपद बागेश्वर सम्मिलित हैं। उक्त के अतिरिक्त संस्था अपने कार्यक्षेत्र में उत्तरोत्तर वृद्धि करने हेतु प्रयासरत् है। वर्तमान तक विकास और समाज परिवर्तन से जुड़े विविध मुद्दों पर सरकार के साथ सहभागिता की, तथा अनेकानेक सेमिनारों, कार्यशालाओं, गोष्ठियों, सभाओं आदि के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को आगे लाने का प्रयास किया गया है।

संस्था के पंजीकरण के उपरान्त विभिन्न सरकारी और गैर–सरकारी वित्तीय संगठनों से आवश्यकतानुसार वित्तीय सहयोग लेने के उपरान्त आवश्यक औपचारिकताएं तथा आवश्यक प्रशासनिक ढांचा भी संस्था में बनता चला गया और आवश्यकता के अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी संचालित होने लगे।

## Objectives of the organization :

1. To conduct activities to improve the productivity of barren land, fallow land, etc. as well as to conserve the environment.
2. To develop the community and spread awareness among the community regarding education, environment, health, children's education as well as unconventional education.
3. To organize the community for people centered planning and development. To develop a model for development by providing training to the community.
4. To organize awareness program on women empowerment, education, and training.
5. To conduct programs and to motivate and educate the community on watershed management, resource management, drinking water supply, irrigation, alternative energy, animal welfare, agricultural development, and agribusiness
6. To publish, edit, compile, and distribute literature for the promotion of programs related to education, cultural development as well as the development of the community.
7. To conduct income generating programs and to train rural and women groups on the same. To manage marketing for them.
8. To develop economic measures for the infrastructural development of the organization, to conduct programs on self reliance and to conduct awareness generating programs.
9. To conduct programs for the development of the environment, tourism and culture.
10. To work on issues and concerns related to the community, and individual health.

## संस्था के उद्देश्य :

1. ऊसर भूमि, परती भूमि आदि का सुधार कर उत्पादकता बढ़ाने व पर्यावरण संरक्षण की गतिविधियों का संचालन करना।
2. समुदाय संगठन, समुदाय विकास एवं शिक्षा, पर्यावरण शिक्षा, स्वास्थ्य शिक्षा, बाल शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा एवं जन जागरण।
3. जन केन्द्रित नियोजन एवं विकास के लिये समुदाय को संगठित करना, प्रशिक्षित करना एवं विकास का प्रदर्शन माडल विकसित करना।
4. महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, प्रशिक्षण, संगठन एवं जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन करना।
5. जलागम प्रबन्धन, संसाधन प्रबन्धन, पेयजल आपूर्ति, सिंचाई, वैकल्पिक ऊर्जा, पशु कल्याण, कृषि विकास, बागवानी विकास एवं कृषि व्यापार के कार्यक्रमों का संचालन करना एवं समुदाय को इसकी शिक्षा व प्रेरणा देना।
6. शिक्षा, संस्कृति विकास एवं समुदाय विकास के कार्यक्रमों के प्रचार–प्रसार हेतु संबंधित साहित्य का प्रकाशन, सम्पादन, संकलन कर उसे वितरित करना।
7. ग्रामीण संगठनों, महिला संगठनों आदि के लिये आयवर्धन कार्यक्रमों का संचालन करना इसके लिये प्रशिक्षण देना तथा विपणन आदि का प्रबन्धन करना।
8. संस्था के ढांचागत विकास हेतु आर्थिक उपाय करना, आत्मनिर्भरता के कार्यक्रम संचालन करना तथा जागरूकता के कार्यक्रम संचालित करना।
9. पर्यावरण, पर्यटन व संस्कृति के विकास हेतु कार्यक्रमों का संचालन करना।
10. सामुदायिक एवं व्यक्तिगत स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर कार्य करना।

## वित्तीय विवरण वर्ष : 2020–2021

## Financial Statement Year 2020-2021

### 1. Balance Sheet –

| Sl.No. | Liabilities | 2019-20 | Assets | 2019-20 |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Capital Fund | 179572.39 | Fixed Assets | 113804.00 |
| 2 | Unsecured Loan | 12771.00 | Current Assets | 29846.00 |
| 3 | | | Cash and bank balance | 48693.39 |
| | **Total** | **192343.39** | | **192343.39** |

### 2. Income & Expenditure –

| Sl.No. | Income | Amount | Expenditure | Amount |
|---|---|---|---|---|
| 1 | By Grant-in-Aid | 1903392.00 | Society Main | 127858.50 |
| 2 | By Bank Interest | 8834.00 | USACS (TI Programme) | 1752300.00 |
| 3 | By Membership fee | 2000.00 | Equine Welfare Program | 15383.00 |
| 4 | By Donation Receipts | 91698.00 | Jal Jeevan Mission Programme | 141480.50 |
| 5 | By Excess of Expenditure | 53518.00 | Bank Charges | 885.00 |
| 6 | | | To Deprecition Charges | 21535.00 |
| | **Total** | **2059442.00** | | **2059442.00** |

| **Banking & Registration Detail** | | |
|---|---|---|
| (i) A/C No. 32830100000101<br>Bank of Baroda<br>Pithoragarh(NGO main account ) | | (ii) A/C No. 40088902033<br>State Bank of India, New Delhi Main Branch, 11 Sansad Marg.<br>(Account for FCRA)<br>(iii)A/C No. 689510110000405<br>Bank of India Pithoragarh (FCRA Utilisation Account) |
| (iv) A/C No. 32830100000383<br>Bank of Baroda<br>Pithoragarh (for TI Programe) | | (v) A/C No. 30391848428<br>State Bank of India, Pithoragarh Main Branch<br>(for JJM Programme : UJN Bageshwar) |
| (vi) A/C No. 3283010005351<br>Bank of Baroda<br>Pithoragarh (for SLWM Programe) | | (vii) A/C No. 4444381785<br>Uttarakhand Gramin Bank Bageshwar<br>Pithoragarh (for JJM Programe : UJS Bageshwar) |
| Organisation Registration Detail | : | Registration No. 557/1997-98 (Under Society Reg. Act 1860)<br>Dated – 25/09/1997 |
| FCRA Detail | : | Registration No. 347990024, Dated – 01/04/2004 |
| Income Permanent Account No. (PAN) | : | AAA7P7999K |
| Tax Deduction Account No. (TAN) | : | MRTP03413E |
| 12AA Registration of Income Tax | : | CIT/Hld/12AA/22/2003-04/PAVS/03-04/1780, Dated:14/01/2004<br>Renewd Provisional Registration No. AAATP7999K20214<br>(31/05/2021) |
| 80G Registration of Income Tax | : | CIT (E) /LKO/80G/2016-17/109/1859/7522, Dated: 08/11/2016 |
| NGO DARPAN ID | : | UA/2009/0007151 |
| CSR Companies Act Registration No. | : | CSR00003658, Dated 27/04/2021 |

Name & Address of Auditor – Mr. M.C. Pandey
M.C. Pandey & Company
Narayan Niwas, Cinema Line
Pithoragarh (Uttarakhand)

## Major programs and achievements in year 2020-2021

The following programs/projects were conducted by the organization in year 2020-21

1. Targeted Intervention Program by USACS & NACO
2. Jal Jiwan Mission Program by the State Govt.
3. Solid Liquid & Waste Management (SLWM) Program
4. COVID-19 Awareness Program

The organization is putting efforts for spreading awareness as well as improving the opportunities of employment for the community through the above mentioned programs. Brief description of the programs conducted by the organization during the year is given below-

## वर्ष 2020-2021 के मुख्य कार्य एवं उपलब्धियां

वर्ष 2020–21 में संस्था द्वारा निम्न कार्यक्रम / परियोजनाएं संचालित किये गये –

1. लक्ष्यगत हस्तक्षेप कार्यक्रम (एचआईवी / एड्स)।
2. जल जीवन मिशन कार्यक्रम ।
3. ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यक्रम ।
4. कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रम।

उपरोक्त कार्यक्रमों के माध्यम से संस्था द्वारा लोगों में जागरूकता के प्रसार के साथ–साथ रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के प्रयास किये। वर्ष के दौरान संस्था द्वारा किये गये कार्यों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है –

## Targeted Intervention Program by NACO & USACS :

The Targeted Intervention Program funded by Uttrakhand State AIDS Control Society (Directorate General, Medicine, Health & Family Welfare, Uttrakhand) and National AIDS Control Society (Health and Family Welfare Ministry,Govt. of India) was conducted for the Labor Migrants on generating awareness on HIV/AIDS in Pithoragarh. The objective of the program is to disseminate information and prevention of HIV/AIDS, TB and Sexually Transmitted Diseases. The program also aims to stop the spread of new infections of HIV in high risk group and general population, to ensure quality health service provision for them and to improve community participation through the program's implementation and management.



**Main components of the program**

- ➢ Behavior change communication
- ➢ Management of Sexually Transmitted Diseases
- ➢ Motivation for using condoms
- ➢ Friendly environment/public advocacy
- ➢ Community development/participation
- ➢ Linkages with services/welfare and support




The program is being implemented with the objectives and components in mind. It is being successfully implemented for 10000 migrant labors in Pithoragarh and 5000 migrant labors in Dharchula.

## लक्ष्यगत हस्तक्षेप कार्यक्रम (एच.आई.वी. / एड्स) :




राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार) एवं उत्तराखण्ड राज्य एड्स नियंत्रण समिति (महानिदेशालय, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड) द्वारा प्रायोजित लक्ष्यगत हस्तक्षेप कार्यक्रम का संचालन संस्था द्वारा जनपद पिथौरागढ़ में प्रवासी मजदूर वर्ग के मध्य किया जा रहा है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लक्ष्य समूह को एच.आई.वी. / एड्स, टी.बी. एवं यौन जनित संक्रमण की जानकारी प्रदान करना, रोकथाम व बचाव के बारे में जागरूक करना, उच्च जोखिम समूहों और सामान्य जनसंख्या में एच.आई.वी. के नये संक्रमण को रोकना, उच्च जोखिम समूहों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सुनश्चित करना एवं कार्यक्रम संचालन और प्रबन्धन में सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करना है।

**<u>कार्यक्रम के मुख्य घटक</u>** :

- ➢ व्यवहार परिवर्तन संचरण।
- ➢ यौन जनित रोगों का प्रबंधन ।
- ➢ कण्डोम प्रोत्साहन ।
- ➢ अनुकूल वातावरण / जनवकालत ।
- ➢ समुदायिक गतिशीलता / समुदाय की भागीदारी ।
- ➢ सेवाओं से जुड़ाव / देखभाल एवं सहयोग ।



उक्त उद्देश्य एवं घटकों के आधार पर संस्था द्वारा वर्तमान में 10000 प्रवासी मजदूर वर्ग के मध्य पिथौरागढ़ एवं 5000 प्रवासियों के मध्य धारचूला में कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है।

## संस्था द्वारा लक्ष्यगत हस्तक्षेप कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2020–2021 में किये गये कार्य
## Activities done under Targeted Intervention program in year 2020-21

| क्र.सं.<br>S.no | गतिविधि का नाम<br>(Name of activities) | संख्या<br>(Number) |
|---|---|---|
| 1 | आयोजित स्वास्थ्य शिविरों की संख्या (number of STI Health Camps organized) | 71 |
| 2 | स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित प्रवाशियों की संख्या (Number of migrants present at the health camps) | 2106 |
| 3 | जन वकालत एवं समन्वय बैठक (Number of Advocacy & Coordination Meetings held) | 12 |
| 4 | नुक्कड़ नाटक (Number of street Play/Nukked Natak) | 10 |
| 5 | जनसमूह समारोह (Number of Target Grup Congregation Events held ) | 06 |
| 6 | आइ.सी.टी.सी. एवं सी.वी.टी. में एच.आइ.वी. जाँच (Number of HIV tests done at ICTC and CVT) | 2222 |
| 7 | स्टेक होर्ल्डस बैठक (Number of Stake Holders Meetings conducted) | 117 |
| 8 | आयोजित युवा कार्यक्रम (Number of youth programs organized) | 05 |
| 9 | युवा जागरूकता कार्य{मों के माध्यम से लाभान्वित युवाओं की संख्या (Number of beneficiaries in youth programs) | 184 |
| 10 | आयोजित महिला जागरूकता कार्य{म (Number of women awareness programs conducted) | 05 |
| 11 | महिला जागरूकता कार्य{मों के माध्यम से लाभान्वित महिलाओं की संख्या (Number of beneficiaries in women awareness programs) | 290 |
| 12 | जिला एवं स्वास्थ्य प्रशासन के साथ आयोजित बैठकों की संख्या (Number of meetings conducted with State and Health ministry) | 25 |





## Jal Jeevan Mission Program :

The concept of Jal Jeevan Mission Program is to provide each house in the rural area their own water connection for them to make drinking water easily available for them by the year 2024. The program is being implemented with support of the Government of India. The program also aims to stabilize all drinking water sources for which the organization is working for the management of underground water, water conservation and rain water harvesting.



Objectives of the program

- To improve the quality of life in the rural community by providing each family a regular source of water for long term basis.
- To provide water connection at schools, Aganwadi centers, Panchayat Bhavan, Health centers and community centers.
- To develop ownership towards the program through cash, kind or volunteering for the program from the community.




## जल जीवन मिशन कार्यक्रम :

भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जल जीवन मिशन कार्य{म की परिकल्पना ग्रामीण भारत के सभी घरों में वर्ष 2024 तक व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से शुद्व और प्रयाप्त पेयजल उपलब्ध कराने के लिए की गयी है। कार्य{म के तहत पेयजल स्रोतों की स्थिरता के लिये भी कार्य किये जाने का प्रावधान है, जिसके तहत भूजल प्रबन्धन, जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन के लिये सामुदायिक दृष्टिकोण के आधार पर व्यापक कार्य किये जायेगें।



**कार्यक्रम के उद्देश्य** :

- प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित एवं दीर्घकालिक आधार पर शुद्व और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना है जिससे ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर में सुधार हो।
- विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायत भवनों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं अन्य सामुदायिक केन्द्रों को कार्यात्मक नल कनेक्शन प्रदान करना।



The organization is implementing Jal Jeevan Mission Program with the support of Uttrakhand Jal Nigam, Jal Sansthan and District Project Management Unit in Bageshwar and Pithoragarh. The activities under the project are being done successfully. A village drinking water and sanitation subcommittee has been formed in the identified gram panchayats and their revenue villages.



- नकद, वस्तु और स्वैच्छिक श्रमदान मे योगदान के माध्यम से स्तीनीय समुदाय के बीच स्वैच्छिक स्वामित्व को बढ़ावा देना और सुनश्चित करना।

संस्था द्वारा वर्तमान में उत्तराखण्ड पेयजल निगम, जल संस्थान एवं जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई के सहयोग से जनपद बागेश्वर एवं पिथौरागढ़ में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं की सहयोगी गतिविधियों का संपादन किया जा रहा है, जिसके तहत संस्था द्वारा आंवटित ग्राम पंचायतों एवं उनके राजस्व ग्रामों में आधारभूत सर्वेक्षणद्व ग्राम कार्ययोजना एवं डी0पी0आर0 निर्माण आदि कार्यों का संपादन करते हुए ग्राम पेयजल एंव स्वच्छता उपसमिति का गठन किया गया है।




## कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 2020–21 में किये गये कार्यों का विवरण निम्नानुसार हैं

## Activities done under the program in year 2020-2021

| क्र0सं0 **S.No** | उत्प्रेरण एवं सहयोग **Funded & support** | आवंटित ग्राम पंचायतों की संख्या **No. of 9argeted gram panchayat** | आच्छादित राजस्व ग्रामों की संख्या **Number of coverd revenue vilalge** | लाभान्वित परिवारों की संख्या **Number of beneficiary families** | गठित ग्राम पेयजल एंव स्वच्छता उपसमिति **Number of village drinking water & sanitation subcommittee formed** |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उत्तराखण्ड पेयजल निगम बागेश्वर (Uttrakhand drinking water cooperation, Bageshwar) | 45 | 109 | 4324 | 45 |
| 02 | उत्तराखण्ड जल संस्थान बागेश्वर (Uttrakhand Jal Sansthan, Bageshwar) | 20 | 35 | 1796 | 35 |
| 03 | जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (स्वजल) बागेश्वर (District Project Management Unit. Bagehswar) | 09 | 20 | 885 | 20 |
| 04 | जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (स्वजल) पिथौरागढ़(District Project Management Unit. Pithoragarh) | 02 | 05 | 305 | 05 |

## Solid Liquid & Waste Management (SLWM) Programme :

Solid Liquid & Waste Management (SLWM) is one of the major components of the Clean India Mission. This component aims to bring cleanliness in the rural areas of India and to help improve the quality of life in the rural community.



The organization is implementing Solid Liquid & Waste Management (SLWM) Program in support with the District **Project Management Unit (Swajal)** in indentified Gram Panchayats of Garur and Bageshwar A Village Health and Sanitation Committee have been formed in each Gram Panchayat under the supervision of the Gram Pradhan. Activities like drain construction with support of the community and individual level, soak pit construction, organic and inorganic bin, garbage separation center, etc were done with the support of the organization.

## ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यक्रम :

ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्यक्रम, स्वच्छ भारत मिशन के प्रमुख घटकों में से एक घटक है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता और जीवन के सामान्य गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रारंभ किया गया है।



संस्था द्वारा **जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (स्वजल)** के सहयोग से जनपद बागेष्वर एवं गरूड़ की चयनित ग्राम पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन कार्य{म का संचालन किया जा रहा है। कार्य{म के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समितियों का गठन किया गया है और इन्हीं समितियों के माध्यम से कार्य{म के तहत निर्धारित कार्यों जैसे सामुदायिक स्तर पर नाली निर्माणद्व ब्यक्तिगत एवं सामुदायिक सोक्ता गड्डों का निर्माणद्व सामुदायिक स्तर पर जैविक–अजैविक कचरे हेतु कूड़ेदानों का निर्माणद्व वर्मी खाद गड्डे एवं कचरा पृथकीकरण केन्द्र आदि का निर्माण कार्य संस्था के सहयोग से किया जा रहा है।









## Covid -19 Awareness Programme :

PASS provided support to the community in Pithoragarh and Bageshwar during the pandemic Covid -19. During the month of April 2020 reusable masks and soaps for maintaing hygiene was distributed to migrant labors in Pithoragarh and nearby localities in support of the district administration. The members of the organization visted the homes of the labors and gave them information on prevention of Covid -19 infrection as well.

The staff members of the organization provided counselling to the shelters where the labors reside in Pithoragarh, Jhulaghat and Dharchula with the help of the Health deaprtment, Pithoragarh. The doctors, nursers, police and para medical workers were provided PPE kits and supportive incentives with the help of Red Cross (Mother C.S.O) in Pithoragarh and Bageshwar.

The organization was given support by the Red Cross Society for distributing Rashan kit to the families in need in Kanda area of Bageshwar.

The following activities were done during the month of April to July

The inception of work by the organization: 1/4/2020

Service area: District Pithoragarh (Pithoragarh, Dharchula, Jhulaghat) and Kanda in Bageshwar

Number of beneficiaries (labor): 3145

Number of Arogya Setu Aap installed by the organization: 685

Number of masks distributed: 3145

Number of sanitizers/soaps distributed: 3145

Number of Rashan kit distribtued: 46

Amount spent by the organization: Rs. 76463.00

## कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रम :

नोवल कोरोनावायरस से उत्पन्न हुई आपदा/महामारी की इस स्थिति में संस्था द्वारा जनपद पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर में अपना सहयोग प्रदान किया गया। जिसके तहत माह अप्रैल 2020 से संस्था द्वारा पिथौरागढ़ नगर एवं उसके आस–पास प्रवास पर रह रहे एवं जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न आश्रय स्थलों पर ठहराये गये प्रवासी मजदूरों को स्वंय के संसाधनों से एक मास्क (जिसे धोये जाने के उपरान्त पुनः उपयोग किया जा सकता है) एवं ब्यक्तिगत साफ–सफाई हेतु एक साबुन वितरित किया गया और मजदूरों के निवास स्थानों पर जाकर उन्हें कोरोना के संक्रमण से बचाव हेतु उचित जानकारी प्रदान की गयी।

संस्था कार्मिकों द्वारा स्वास्थ्य विभाग पिथौरागढ़ को सहयोग प्रदान करते हुए पिथौरागढ शहर, झूलाघाट एवं धारचूला में विभिन्न आश्रय स्थलों पर ठहराये गये मजदूरों को मनोवैज्ञानिक परामर्श दिये जाने में सहयोग प्रदान किया गया। उक्त के अतिरिक्त संस्था द्वारा विभिन्न हाई रिस्क जोन में पूर्ण मनोयोग से कार्य कर रहे डॉक्टर, नर्स, पुलिस एवं अन्य पैरा मेडिकल कर्मियों को संक्रमण से बचाव हेतु पी.पी.ई. किट एवं सहयोग धनराशि रेडक्रॉस सोसाइटी (मदर सी.एस.ओ.) पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर को उपलब्ध करायी गयी।

जनपद बागेश्वर में संस्था द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी को सहयोग प्रदान करते हुए काण्डा क्षेत्र में जागरूकता का कार्य किया गया और जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित किये गये। माह अप्रैल से जुलाई तक किये गये कार्यों का विवरण निम्नानुसार है :–

- संस्था द्वारा लॉकडाउन की अवधि में कार्य प्रारंभ तिथि : 01/04/2020
- संस्था सेवित क्षेत्र : जनपद पिथौरागढ़ (पिथौरागढ़, धारचूला, झूलाघाट) एवं जनपद बागेश्वर का काण्डा क्षेत्र।
- लाभान्वित प्रवासी मजदूरों की संख्या : 3145
- संस्था द्वारा इनस्टॉल कराये गये आरोग्य सेतु ऐप की संख्या : 685
- संस्था द्वारा वितरित मास्क : 3145
- संस्था द्वारा वितरित सैनीटाइजर/साबुन : 3145
- संस्था द्वारा वितरित किये गये राशन किट : 46
- संस्था द्वारा व्यय की गयी धनराशि : रू0 76463/–

कोविड–19 जागरूकता कार्यक्रम के तहत संस्था द्वारा मास्क, साबुन, पी.पी.ई. किट एवं राशन किट वितरण कार्यक्रम

**Masks, soap, PPE kits and rashan distribution by the organization under Covid-19 awareness program**












